आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.02.2025 समय : 07.10चउ

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—प्रयागराज में महाकुंभ जैसा इतने बडे पैमाने का आयोजन दुनिया में और कहीं नहीं हुआ।
- धार जिले के पीथपुर स्थित रामकि प्लांट में आज से यूनियन कार्बाइड प्लांट में कचरे को जलाने की प्रकिया शुरू ।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा— बार—बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधा।
- प्रदेश में दीनदयाल रसोई योजना में 4 करोड भोजन थाली जरूरतमंदों को कराई गई उपलब्ध।

प्रधानमंत्री—महाकुंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह आधुनिक प्रबंधन पेशेवरों और नीति विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी इतने बडे पैमाने का कोई आयोजन नहीं हुआ है। एक ब्लॉग पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि दुनिया ने आश्चर्य से देखा कि किस तरह करोड़ों लोग प्रयागराज में संगम के तट पर एकत्र हुए जबकि लोगों को कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला था। इसके बावजूद करोड़ों लोग अपनी मर्जी से महाकुंभ आए और संगम में पवित्र स्नान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग समेत सभी लोगों ने संगम तक पहुंचने का रास्ता ढूंढ लिया।

नागर विमानन मंत्री—उद्घोषणा

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आज चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री नायडू ने कहा कि इस तरह के कैफे देश के सभी हवाई अड्डों पर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे सभी यात्रियों को पानी, चाय, कॉफी, स्नैक्स और स्थानीय मिठाइयाँ उचित मूल्यों पर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिसंबर में कोलकाता हवाई अड्डे पर इस तरह के पहले कैफे का उद्घाटन किया गया था।

**यूनियन कार्बाइड. कचरे**

**धार जिले के पीथमपुर स्थित रामकि प्लांट में आज दोपहर से यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा रामकि प्लांट के आसपास सहित पूरे पीथमपुर मे भारी पुलिस बल की तैनाती की है।**

**यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को लेकर सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई हुई थी जिसमे सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरे मामले मे हाई कोर्ट के निर्देशो का पालन करने के आदेश दिए हाईकोर्ट के निर्देशानुसार पीथमपुर के रामकि प्लांट मे यूनियन कार्बाइड का कचरा तीन चरणो मे निष्पादन करके इसका ट्रायल किया जाएगा। और इसकी रिपोर्ट**

**केंद्रीय प्रदुषण बोर्ड और म.प्र. प्रदुषण बोर्ड द्वारा जांच की जाकर इसकी रिपोर्ट सरकार द्वारा हाईकोर्ट मे पेश की जावेगी। कचरे निष्पादन को लेकर हाईकोर्ट निर्णय लेगा। पहले चरण के ट्रायल मे 10 टन कचरे का निष्पादन किया जा रहा है।**

**वही इस मामले मे पीथमपुर एसडीएम प्रमोद सिंह गुजर ने बताया कि "हाईकार्ट के निर्देशो का पालन करते हुए पहले चरण के ट्रायल मे 10 टन कचरे का निष्पादन किया जा रहा है इलाके मे भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है वही लोगो से शांति बनाने की अपील की हैं और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने के लिए कहा गया है**

रियायती दर पर भोजन सुविधा

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में व्यवसाय और श्रम कार्य के लिये ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब परिवारों को नगरीय एवं आवास विभाग द्वारा रियायती दर मात्र 5 रुपये में थाली उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में संचालित दीनदयाल रसोई योजना का 3 चरणों में विस्तार किया गया है। योजना में अब तक 4 करोड़ से अधिक भोजन थाली जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। सरकारी जानकारी में बताया गया कि वर्तमान में 124 नगरीय निकायों में 191 रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इनमें 166 स्थायी और 25 चलित रसोई केन्द्रों से शहरी जरूरतमंदों को भोजन थाली उपलब्ध कराई जा रही है।

सुगम्य यात्रा

प्रदेश के प्रत्येक जिले में 7 और 8 मार्च को जिला कलेक्टर के सहयोग से दिव्यांगजन की "सुगम्य यात्रा" का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा ताकि दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनोमाघरों में उनकी सुविधानुसार सुगम्य वातावरण होने की जानकारी मिल सके। स्थानों के भ्रमण के बाद दिव्यांगजनों द्वारा दी गई सलाह और सूचनाओं का संकलन किया जायेगा, जिनका उपयोग भारत सरकार द्वारा भविष्य में बनाई जाने वाली शहरी विकास नीतियों, डिजाइनिंग एवं विकासात्मक रणनीतियों में शामिल किया जायेगा।

शिवराज सिंहः एक राष्ट्र, एक चुनाव

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के एक निजी कॉलेज में छात्र–छात्राओं को वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, हमारे देश में कुछ हो या ना हो पांच साल, 12 महीने चुनाव की तैयारियां जरूर चलती है। ये बार–बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधा है। इसलिए संविधान में संशोधन कर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने चाहिए। युवाओं से संवाद करते हुए श्री चौहान ने कहा–

*युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि, स्टूडेंट फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन एक फोरम बने, और इस फोरम को स्टूडेंट्स खुद बनाएं। एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक जन–अभियान बने, एक आंदोलन बने और इस अभियान की अगुवाई स्टूडेंट करें। सोशल मीडिया पर भी एक अभियान चले और इस देश से एक आवाज बुलंद हो कि, हम एक राष्ट्र, एक चुनाव के पक्ष में खड़े हैं, हम इस अभियान का समर्थन करते हैं। जनता के दबाव में हम विवश कर दें सभी राजनैतिक दलों कि धन और समय की बर्बादी नहीं होने देंगे, विकास के काम ठप्प नहीं होने देंगे।*

नेशनल लोक अदालत

प्रदेश में 8 मार्च को होने जा रही नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी और अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौतों से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि उपभोक्ता और उपयोगकर्ता अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिये निम्न दाब श्रेणी के सभी घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू और 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

अमित शाहः चित्रकूट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सतना जिले के चित्रकूट में भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। गृहमंत्री ने रिमोट कंट्रोल से चित्रकूट में बनने वाले नवीनीकृत राम दर्शन का लोकार्पण किया। वहीं इस अवसर पर कथा वाचक संत मुरारी बापू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा नानाजी ने अपने व्यवहार से, अपनी कर्मठता से, अपने संस्कार से राजनीति में अनेक ऐसे सिद्धांत स्थापित किए, जो मेरा मानना है कि अगली शताब्दी तक देश के लिए राजनीति करने वाले राजनीतिज्ञों के लिए आदर्श सिद्धांत बने रहेंगे। उन्होंने कहा—

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा नानाजी ने गांवों में आत्मनिर्भरता की कल्पना की, ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में सेवा का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने कहा—

अब कुछ समाचार संक्षेप में —

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज कटनी जिले के प्रवास के दौरान कोठी गांव में पीएम जनमन आवास योजना से बने भवनों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से भी चर्चा की।
- बुरहानपुर में कलेक्टर हर्ष सिंह ने प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत जिले में 10 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया।
- अनूपपुर में किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 34 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया गया।
- **धार जिला मुख्यालय पर** आज **केरियर काउंसलिंग का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास माण्डव रोड धार एवं शासकीय उर्दू हाई स्कूल धार मे किया गया। जिसमे चयनित विषय विशेषज्ञो द्वारा छात्र- छात्राओ को केरियर काउंसलिंग संबंधी जानकारी दी गई।**
- **शिवपुरी जिले में रवि विपणन वर्ष** 2025.26 **में समर्थन मूल्य पर गेहूं**ए **चना**ए **मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए किसानों की सुविधा हेतु किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। अब किसान स्वयं के मोबाइल से घर पर बैठकर पंजीयन कर सकेंगे।**
- सीहोर जिले में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया ।

- **महिला प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट मेंए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आज शाम साढ़े सात बजे से बंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जाइंट्स से मुकाबला होगा।**

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–प्रयागराज में महाकुंभ जैसा इतने बडे पैमाने का आयोजन दुनिया में और कहीं नहीं हुआ।
- धार जिले के पीथपुर स्थित रामकि प्लांट में आज से यूनियन कार्बाइड प्लांट में कचरे को जलाने की प्रक्रिया शुरू ।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– बार–बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधा।
- प्रदेश में दीनदयाल रसोई योजना में 4 करोड भोजन थाली जरूरतमंदों को कराई गई उपलब्ध।

....................